<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 09.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

**1.** **केंद्र सरकार ने घरेलू विमानों की लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती की, हवाई यात्रा को किफायती बनाये रखने में विमानन कंपनियों को मिलेगी राहत।**

**2.** **बोकारो के बाद अब हजारीबाग में ट्रेजरी घोटाला का खुलासा, आठ वर्षों में 15 करोड़ रूपये से अधिक की हुई अवैध निकासी, न्यायिक हिरासत में भेजे गये सभी तीन आरोपी पुलिसकर्मी।**

**3.** **सीआईडी की साइबर सेल ने झारखंड के युवाओं को बंधक बनाकर विदेशों से ऑनलाइन ठगी कराने वाले अपराधी दाऊद अहमद को मुंबई से किया गिरफ्तार।**

**4.** **मसानजोर डैम के दोनों नहरों का मजबूतीकरण कार्य पूरा, किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से रबी और खरीफ फसलों को होगा लाभ।**

**5.** **16वीं हॉकी जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड की खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल, सर्वश्रेष्ठ अठारह खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगी भाग।**

**********************

केंद्र सरकार ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए राहत उपायों की घोषणा की है। इसके तहत लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती की गयी है। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और तीन महीने तक प्रभावी रहेगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि इसका उद्देश्य भारतीय एयरलाइंस पर बढ़ते परिचालन खर्च के दबाव को कम करना और यात्रियों के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाए रखना है।

**********************

बोकारो के बाद अब हजारीबाग में भी ट्रेजरी घोटाला का खुलासा हुआ है। पिछले आठ वर्षों में 15 करोड़ 41 लाख रूपये की अवैध निकासी की गयी है। इस मामले में तीन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि हजारीबाग उपायुक्त ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है।

इधर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने हजारीबाग में ट्रेजरी से करोड़ों रुपये की अवैध निकासी मामले में राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है।

वहीं भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि बोकारो जिले में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी हो रही है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है और सरकार को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी केंद्र सरकार को दी गई है।

**********************

उच्च न्यायालय ने झारखंड की स्थानीय नीति में कथित विसंगतियों को दूर करने की मांग वाली याचिका में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि नीति में किसी भी प्रकार का संशोधन या सुधार राज्य सरकार के अधीन है। इसमें कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता। वहीं याचिकर्ताओं के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि विकास कार्यों के लिए दी गयी जमीन के बदले उन्हें स्थानीयता का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता है।

**********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी के लिए मॉनिटरिंग सेल बनाया जाएगा। इसके साथ ही अच्छे काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि राज्य में खून की कमी दूर करने के लिए नयी ब्लड पॉलिसी लायी जाएगी। इसके तहत एजेंसी के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराया जाएगा और लोगों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी होगा।

**********************

झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने मुंबई से दाऊद अहमद को गिरफ्तार किया है। वह साइबर स्लेवरी गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो झारखंड के युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर बंधक बनाकर उनसे ऑनलाइन ठगी करवाता था। सीआईडी की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि आरोपित विदेशी साइबर अपराधियों के साथ मिलकर साजिश रचता था। इसी मामले में पूर्व में उसके एक मुख्य सहयोगी जमशेदपुर निवासी सरताज को गिरफ्तार किया गया था।

**********************

दुमका जिले के मसानजोर डैम के दिग्लपहाडी दायां और बायां तट नहरों का करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से मजबूतीकरण किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है।

**********************

एम्स देवघर में 350 बेड वाला नया ई–ब्लॉक अस्पताल सुचारू रूप से कियाशील हो गया है। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि कुल 18 विभागों की सेवा चालू हो गयी है। अब एम्स देवघर में कुल 750 बेड हो गये हैं।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 637 अंक की गिरावट के साथ 76 हजार नौ सौ 25 पर जबकि निफ्टी 149 अंक गिरकर 23 हजार आठ सौ 49 पर कारोबार कर रहा था।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 50 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

16वीं हॉकी जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड की खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल हुआ। रांची के जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में आयोजित ट्रॉयल में 61 खिलाड़ियों में से 30 का चयन किया गया। अब विशेष कैंप लगाकर इन खिलाड़ियों में 18 बेहतर खिलाड़ी चुनी जायेंगी जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। गौरतलब है कि पूणे में 29 अप्रैल से 10 मई तक यह चैंपियनशिप होगी।

***********समाप्त***************